## खबर संक्षेप



### शुभम कश्यप ने द्वितीय स्थान पाया, सम्मानित

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय कॉलेज मटक माजरी इंद्री के एम.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र शुभम कश्यप ने भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी बनाने के विषय पर अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणाम स्वरूप शुभम कश्यप को विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद के तहत राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्राध्यापकों ने शुभम को सम्मानित किया।

### छापेमारी के विरोध में चिकित्सकों का प्रदर्शन



**करनाल।** सामाजिक चिकित्सक महासंघ द्वारा करनाल के कर्ण पार्क में सरकार द्वारा की जा रही छापेमारी के विरोध में प्रदर्शन किया गया, जिसमें सभी ब्लॉकों के प्रधान, ब्लॉक सचिवों, कार्यकारी प्रधान, उप प्रधान करनाल तथा आसपास के चिकित्सक साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान चिकित्सकों ने कहा कि सरकार के इस निर्णय के कारण अनुभव के आधार पर कार्य करने वाले ग्रामीण चिकित्सकों में भय का माहौल बना हुआ है। सामाजिक चिकित्सा के साथियों ने बताया कि वे कई बार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर अपनी बात रख चुके हैं।

### पुलिस ने सिंघड़ा में नशा मुक्ति अभियान चलाया

**करनाल।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस करनाल द्वारा गांव सिंघड़ा, थाना निसिंग क्षेत्र में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन पर गंभीर प्रभाव डालता है तथा परिवार और समाज दोनों के लिए हानिकारक साबित होता है।

### छठ पर्व सेवा समिति ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**करनाल।** करनाल में रह रहे बिहार के लोगों की समस्याओं को लेकर छठ पर्व सेवा समिति मंडल (सूर्य मंदिर) ने विधायक जगमोहन आनंद को ज्ञापन सौंपा। समिति के प्रधान सुरेश यादव ने बताया कि करनाल में रहने वाले हजारों लोगों को बिहार जाने के लिए पर्याप्त ट्रेन और बस सुविधाएं नहीं मिल पातीं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग रखी कि अमृतसर-सहरसा, हमसफर एक्सप्रेस और श्रमजीवी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों का ठहराव करनाल रेलवे स्टेशन पर किया जाए।

# पारदर्शी खरीद और समय पर भुगतान के दिए निर्देश

### सचिव कांथन ने मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्थाओं को परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- किसानों की समस्याएं सुनीं

हरियाणा वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव सी. जी. रजनी कांथन ने शुक्रवार को करनाल अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों और ट्रांसपोर्टेरों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए।

निरीक्षण से पूर्व आयुक्त ने खरीद एजेंसियों और मंडी सचिव के साथ बैठक कर मंडी में गेहूं की आवक, खरीद की स्थिति, भंडारण क्षमता, उठान व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में तैनात सभी कर्मचारियों व सुरक्षा कर्मियों के आई-कार्ड अनिवार्य किए जाएं तथा उनके नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएं। उन्होंने मंडी गेट पर गेट पास और धर्मकांटे की तुलाई प्रक्रिया की जांच की। अधिकारियों ने बताया कि ऐप के माध्यम से गेट पास जारी कर उसकी सूचना तुरंत किसान, एसडीएम और मंडी सचिव कार्यालय तक पहुंचाई जाती है। इस व्यवस्था पर संतोष जताते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि किसानों को गेट पास संबंधी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंडियों में पर्याप्त स्टाफ तैनात किया गया है और आवश्यकता अनुसार और भी स्टाफ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष किसानों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है।



**करनाल।** अनाजमंडी में गेहूं खरीद व्यवस्थाओं को परखते वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव सी. जी. रजनी कांथन

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

मीडिया से बातचीत में सी. जी. रजनी कांथन ने कहा कि गेहूं खरीद कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और मौसम को देखते हुए तिरपाल की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों की फसल का भुगतान निर्धारित समय सीमा में उनके बैंक खातों में करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने "मेरी फसल, मेरा ब्यौरा" पोर्टल पर फसल सत्यापन से संबंधित समस्याओं का भी संज्ञान लिया और कहा कि जिन किसानों की फसल वेरिफाई नहीं हो पाई है, वे तुरंत संबंधित एसडीएम कार्यालय में संपर्क करें, जहां उनकी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के त्वरित क्रियान्वयन पर चर्चा



**करनाल।** अवैध

- डॉ. मोहम्मद रिजवान ने विद्यार्थियों को दी जानकारी

करनाल। बुद्धा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, रम्भा (करनाल) स्थित 1090 आईजीएनओयू अध्ययन केंद्र में "नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के त्वरित क्रियान्वयन" विषय पर छात्र-चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निर्धारित दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। केंद्र समन्वयक डॉ. मोहम्मद रिजवान ने विद्यार्थियों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 की प्रमुख विशेषताओं, उद्देश्यों एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम संसद एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सहायक कार्यक्रम प्रभारी सुश्री प्रीति कौशल ने भी विद्यार्थियों के साथ इस अधिनियम पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें इसके सामाजिक एवं राजनीतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को जागरूक नागरिक बनने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मोहम्मद रिजवान एवं सुश्री प्रीति कौशल ने छात्रों के साथ संवाद करते हुए कहा कि समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने के लिए महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व अत्यंत आवश्यक है।

# हुड्डा ने किसानों व व्यवस्था पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र

- आईएएस सस्पेंशन, कर्ज और फसल खरीद प्रक्रिया पर भी विपक्ष का हमला तेज

हुड्डा ने करनाल दौरे के दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और सरकार की नीतियों के कारण उन्हें अपमान झेलना पड़ रहा है। हुड्डा ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसान अब इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेगा और सरकार को तुरंत नुकसान की भरपाई करनी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में जानबूझकर ऐसी प्रक्रियाएं लागू की जा रही हैं, जिनसे किसान परेशान होकर अपनी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम पर बेचने को मजबूर हो रहे हैं। उनके मुताबिक किसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है जैसे वे कोई अपराधी हों। दो आईएएस अधिकारियों के सस्पेंशन को लेकर हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में लगातार घोटाले सामने आ रहे हैं। कुछ मामलों का खुलासा हो जाता है, जबकि कई दबा दिए जाते हैं। उन्होंने इसे सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल बताते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता की कमी साफ झलकती है। हुड्डा ने कहा कि वर्ष 1966 से 2014 तक हरियाणा पर करीब 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज था, जो अब बढ़कर लगभग 5 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा शासन में हर व्यक्ति कर्ज के बोझ के साथ पैदा हो रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, निवेश, कानून व्यवस्था और रोजगार के मामले में अग्रणी था, लेकिन अब स्थिति काफी खराब हो चुकी है। हुड्डा ने सोशल प्रोग्रेस इंडेक्स का हवाला देते हुए कहा कि हरियाणा अब असुरक्षित राज्यों में शामिल हो गया है और यहां कई संगठित गिरोह सक्रिय हैं। शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूल बंद किए जा रहे हैं और जहां स्कूल खुले हैं, वहां शिक्षकों की कमी है। कई जगह शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी में लगाने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है।



#### फसल खरीद प्रक्रिया पर जताई आपत्ति

उन्होंने कहा कि पहले धान में घोटाले की बात सामने आई थी और अब सरसों व गेहूं की खरीद में भी गड़बड़ी की आशंका है। 'मेरा ब्यौरा', पटवारी वेरिफिकेशन, गेट पास और बायोमेट्रिक जैसी प्रक्रियाएं किसानों को परेशान करने के लिए लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 48 घंटे में भुगतान का दावा करती है, लेकिन न तो समय पर खरीद हो रही है और न ही उठान, जिससे किसान आर्थिक संकट में फंस रहा है।

# मंडी प्रधान को थप्पड़ मारने के आरोप के बाद विवाद बढ़ा

### मार्केट कमेटी चेयरमैन पर लगा है आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी अनाज मंडी में मार्केट कमेटी चेयरमैन पर मंडी प्रधान को थप्पड़ मारने के आरोप के बाद विवाद बढ़ गया। विरोध में तरावड़ी मंडी के आढ़तियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए चेयरमैन के इस्तीफे की मांग की और मंडी बंद करने का ऐलान किया। हालांकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने की बात कही गई है। मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता ने बताया कि वीरवार को अनाज मंडी में चंडीगढ़ से कमिश्नर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान एडीसी करनाल और एसडीएम तरावड़ी भी मौजूद थे। बैठक के दौरान मंडी की समस्याओं को उठाया गया। इसी बीच ज्ञानी ट्रांसपोर्टर ने पिछले साल की माल ढुलाई के भुगतान ना मिलने की बात कही और आगे काम करने में असमर्थता जताई। ट्रांसपोर्टर की बात के दौरान चेयरमैन रणदीप ने कहा कि इन लोगों के पैसे नहीं आने चाहिए और इन्हें अंदर कर देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आढ़तियों ने स्कूटरों पर माल ढोया और मंडी के सभी आढ़ती गलत काम करते हैं। इस पर सुभाष गुप्ता ने मौके पर ही विरोध जताते हुए कहा कि चेयरमैन झूठ बोल रहे हैं और यदि एक भी आढ़ती दोषी साबित हो जाए, तो प्रशासन कार्रवाई कर सकता है। मंडी प्रधान ने बताया कि पहले हुई जांच में एसआईटी ने आढ़तियों को क्लीन चिट दी थी। इसके अलावा डीएफएससी के साथ बातचीत के बाद ट्रांसपोर्ट भुगतान का मुद्दा भी सुलझ चुका है। इसके बावजूद चेयरमैन द्वारा सभी आढ़तियों को चोर बताना गलत है।



**तरावड़ी।** मार्केट कमेटी कार्यालय में आढ़ती एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए।

# पराली जलाने पर होगी सैटेलाइट से निगरानी

- नियम तोड़ने पर लगेगा जुर्माना एफआईआर और पोर्टल पर रेड एंट्री का भी रहेगा प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि जिला में गेहूं की फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। इसके मध्यनजर खेतों में नजर रखने के लिए हरसैक हरियाणा की तरफ से सैटेलाइट का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है।

फसल अवशेषों में आगजनी की घटना होने पर सैटेलाइट के माध्यम से लोकेशन कृषि विभाग की टीम को भेजी जाएगी, जिस पर गठित ग्राम स्तरीय टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फसल अवशेष जलाना एक गंभीर पर्यावरणीय संकट है, जिससे हवा प्रदूषित होती है और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

#### घटती है मिट्टी की उर्वरता

इससे मिट्टी की उर्वरता भी घटती है। पर्यावरण विभाग हरियाणा द्वारा वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाई गई है। उल्लंघन करने पर 2 एकड़ तक 5 हजार, 5 एकड़ तक 10 हजार और 5 एकड़ से अधिक पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही दोषी किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पोर्टल पर रेड एंट्री की जाएगी।

### जागरूकता के लिए 12 को वॉकथॉन का आयोजन

**करनाल।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सलील गुप्ता ने बताया कि महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाने और एचपीवी वैक्सीन को बढ़ावा देने के लिए 12 अप्रैल को सुबह 7.00 बजे वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। यह वॉकथॉन टीम आईएमए और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के साझा सहयोग से आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण बतौर मुख्य अतिथि झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना करेंगे, जबकि महापौर रेनू बाला गुप्ता भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगीं। वॉकथॉन के बाद करनाल क्लब में सर्वाइकल कैंसर पर एक लघु नाटिका और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया

- सेहत चौपाल के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

स्थानीय राजकीय महाविद्यालय, घरौंडा में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "सेहत चौपाल" के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महिला प्रकोष्ठ एवं एनटीएफ सेल के संयुक्त तत्वावधान में अमृतधारा माय हॉस्पिटल के सहयोग से प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार नागिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने प्रतिभागियों का ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया। एवीपी ऑपरेशन्स हरजीत सिंह सोढ़ी, डॉ कोमल, जय भगवान एवं सिस्टर अंकना ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के दौरान डॉ हरजीत सिंह सोढ़ी ने मानसिक स्वास्थ्य एवं सामान्य स्वास्थ्य विषय पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान समय में मानसिक तनाव तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

## न्यूज डायरी

### क्रिकेट टूर्नामेंट मे अग्नि हाउस ने पाया प्रथम स्थान



**इंद्री।** मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल समौरा इंद्री में अंतर सदन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चार टीम अग्नि, पृथ्वी, आकाश और वायु सदन के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की चेयरपर्सन मंजू गुप्ता के मार्गदर्शन मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने टॉस करवाकर किया। पहले मुकाबले में अग्नि हाउस ने 96 रन बनाकर वायु हाउस के सामने 97 रनों का लक्ष्य रखा, लेकिन वायु हाउस मात्र 72 रन बनाकर ऑल आउट हो गया। दूसरे मुकाबले में आकाश हाउस ने 66 रन बनाए और पृथ्वी हाउस को 67 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे पृथ्वी हाउस ने सफलतापूर्वक पूरा कर जीत दर्ज की। फाइनल मैच अग्नि और पृथ्वी हाउस के बीच खेला गया, जिसमें अग्नि हाउस ने 99 रन बनाए, जबकि पृथ्वी हाउस 62 रन बनाकर ही आउट हो गई। इस प्रकार अग्नि हाउस ने टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलते हुए जीवन में अनुशासन का पालन करना चाहिए और एक अच्छे नागरिक बनने का कर्तव्य निभाना चाहिए। विजेता एवं उपविजेता टीमों को गोल्ड व रजत पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में अध्यापक हर्ष, सुरेश, जयंत और चमन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शहर में कपड़े के थैले वितरित किए



**तरावड़ी।** तरावड़ी शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 के चलते नगर पालिका सचिव अजीत कुमार के आदेश अनुसार शहर में कपड़े के थैले वितरित किए गए। नगर पालिका का यह प्रयास सिंगल युज प्लास्टिक को पूरी तरह से बंद करने के लिए सराहनीय कदम है। शहर में कपड़े के थैलों वितरित करने की शुरुआत नगर पालिका प्रधान वीरेंद्र बंसल द्वारा की गई। थैले वितरित करते समय नगर पालिका प्रधान ने दुकानदारों को समझाते हुए कहा कि पॉलिथीन को बंद करने के लिए सबसे पहले दुकानदारों को आगे आना पड़ेगा। शहर वासियों के सहयोग के बिना इस प्रयास को सफल नहीं बनाया जा सकता। प्रधान ने दुकानदारों से आह्वान करते हुए कि आप अपनी दुकानों पर पॉलिथीन से बनी थालियों को बंद करके कपड़े के थैलों का प्रयोग करना शुरू कर दें ताकि शहर से पॉलिथीन को हटाया जा सके। सचिव अजीत कुमार ने बताया कि शहर में घर-घर थैलें वितरित किए जाएंगे। इस कार्य में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भी साथ दिया। नगर पालिका के पार्षद कमल जांगड़ा ओम प्रकाश मल्होत्रा, स्वच्छ पर्यावरण सेवा समिति के प्रधान रणजीत भारद्वाज क्लर्क जॉन लाल सफाई सुपरवाइजर विक्रम सफाई कर्मचारी बुधराम नगर पालिका के मोटीवेटर परविंदर सिंह और राजवंती आदि मौजूद रहे।

### श्री भागवत सेवा समिति का श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ जारी

# भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं : कृष्ण महाराज

- बचपन कच्ची मिट्टी की तरह है, उसे जैसा चाहे वैसाबना सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री भागवत सेवा समिति की ओर से ब्रह्मलीन संत शिरोमणि बाबा बंसी वाले की असीम कृपा से शहर वासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन रहा है। तीसरे दिन की कथा का शुभारंभ समिति के सदस्य सुनील जिंदल, नीरज सिंगला व प्रदीप बंसल सदस्यों ने पूजा अर्चना करके किया।

कथा व्यास आचार्य कृष्ण महाराज ने तीसरे दिन की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया।



**तरावड़ी।** मंच से कथा सुनाते कथा व्यास आचार्य श्री कृष्ण महाराज (वृंदावन वाले) एवं उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### बिट्टा ने आतंकवाद पर जताई चिंता

**करनाल।** ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष एमएस बिट्टा ने करनाल पहुंचकर चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के बाहर हुए ब्लास्ट पर कहा कि देश में हो रही आतंकी गतिविधियों के पीछे सीधे तौर पर पाकिस्तान की आईएसआई का हाथ है और इसका उद्देश्य देश में डर व अस्थिरता फैलाना है। अलग-अलग संगठनों के नाम सामने आते हैं, लेकिन संचालन एक ही जगह से होता है। आईएसआई पर आरोप लगाते हुए कहा कि बब्बर खालसा, खालिस्तान कमांडो फोर्स और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठन केवल चेहरे हैं, असली साजिश आईएसआई रचती है। उनके अनुभव के आधार पर देश में अलग से कोई आतंकी ताकत नहीं है, बल्कि यह सब बाहरी साजिश का हिस्सा है। गुरदासपुर में पुलिसकर्मियों की हत्या पर सिख समाज के जिम्मेदार लोग खुलकर सामने नहीं आते।

## खबर संक्षेप

### महिला वकील से छेड़खानी की

**समालखा।** पानीपत जिला के समालखा के कचहरी परिसर में महिला एडवोकेट के साथ अश्लील हरकते करने व विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने के आरोप में थाना समालखा पुलिस ने पुरूष वकील पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में महिला वकील ने बताया कि वह सात साल से वकालत कर रही है और कोर्ट की चैंबर बिल्डिंग में अपना काम खत्म कर बाहर निकल रही थीं। इस दौरान उनके साथ वारदात की गई। इससे पहले भी आरोपी महिला वकील के साथ अश्लील हरकतें कर चुका है।

### आर्य पीजी कॉलेज में फैशन शो आज

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज का प्रांगण शनिवार को एक बार फिर सृजनात्मकता और आधुनिकता के संगम का गवाह बनने जा रहा है। कॉलेज के बीवोक टेक्सटाइल एंड फैशन डिजाइनिंग और होम साइंस इंटीरियर डिजाइन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छठे सिनर्जिक 2026 फैशन शो और एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

### बार एसोसिएशन के चुनाव स्थगित

**पानीपत।** पानीपत जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र दूहन ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा ने बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। पानीपत बार के मई माह में चुनाव होने थे। वहीं, बार काउंसिल नया चुनाव कार्यक्रम जल्द जारी कर सकती है।

### पुलिस ने दो नशा तस्कर पकड़े

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने समालखा की राजीव कॉलोनी में अंकुर पुत्र हरिओम निवासी डिडवाड़ी 9.75ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। वहीं, एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने अंकुर पर थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया और कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। दूसरी ओर, सीआईए श्री पुलिस की टीम ने मादक पदार्थ सप्लायर जावेद को कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश से पकड़ा है। पुलिस ने जावेद को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

### पुलिस टीम ने बाइक चोरी में दो पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर नसीम पुत्र रिशु व कमल पुत्र मदन निवासी कोहंड करनाल को चोरी की एक बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी चोरी की बाइक को यूपी में बेचने के लिए जा रहे थे। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि बरामद हुई बाइक की चोरी की वारदात बारे थाना शहर में बापौली निवासी गौरव पुत्र नंद किशोर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### लंबित मामलों की समीक्षा की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, उच्च शिक्षा विभाग एवं पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, (आईएएस ) द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों और मामलों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### बैंक सखियों को ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** पानीपत जिला प्रशासन के तत्वावधान में जयप्रकाश नारायण पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, गांव सिवाह में आयोजित बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मुख्य अग्रणी प्रबंधक राजकुमार उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक नीरज मंडल शामिल हुए।

---

### किसानों ने खेतों की जुताई कर आग को काबू किया

# गांव बुआना लाखु में 100 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल आग में राख

तेज हवा बहने से आग विकराल हुई, आग लगने के कारणों का पता नहीं चला, एसडीएम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना(पानीपत)



**पानीपत।** गांव बुआना लाखु में गेहूं की फसल में लगी आग को काबू करते किसान। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के गांव बुआना लाखु में शुक्रवार को आग में करीब 100 एकड भूमि में खडी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। वहीं आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। आग लगने के दौरान बिजली की आपूर्ति भी बंद थी। दूसरी ओर, पीड़ित किसानों ने बताया कि आग बिजावा रोड क्षेत्र के खेतों में लगी और हवा तेज होने के कारण गांव बांध रोड पर एक के बाद एक किसान के खेत में खडी फसल को अपनी चपेट में लेती चली गई। दूसरी ओर, गेहूं की फसल में आग लगती देख खेतों में काम कर रहे किसान उसे काबू करने में जुट गए। जबकि गांव बुआना लाखु से भी बडी संख्या में किसान घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रैक्टर- हैरों- टीलर खेतों की जुताई कर आग को आगे बढ़ने से रोका। दूसरी ओर, किसान दिलबाग सिंह, फतेह सिंह, अनिल कुमार, धूलाराम, राजू, अशोक, संदीप मलिक, तेजवीर मलिक, धर्मवीर सिंह, रविंद्र, रघुवीर, जगदीश, राजेश, बलराज मोर, रणधीर सिंह आदि किसानों की करीब सौ एकड भूमि में खडी गेहूं की फसल आग में जल कर राख हो गई। वहीं, दमकल का टेंडर पहुंचने से पहले ही किसानों ने आग को काबू कर लिया था। जबकि दमकल कर्मियों ने सड़क पर खड़े वृक्षों में लगी आग को काबू किया। दूसरी ओर, आगजनी की इस घटना की सूचना मिलने पर इसराना के एसडीएम नवदीप नैन ने घटनास्थल की जांच की और पीडित किसानों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। दूसरी ओर, प्रशासन के निर्देश पर तहसीलदार इसराना की टीम ने घटनास्थल का सर्वे किया। इधर, पीडित किसानों ने प्रदेश सरकार से मुआवजे की मांग की है।



**पानीपत।** आग में जली गेहूं उगा खेत। फोटो : हरिभूमि

वहीं, इसराना क्षेत्र के ग्रामीणों ने पानीपत प्रशासन से इसराना में फायर ब्रिगेड का सब स्टेशन स्थापित करने की मांग करते हुए कहा कि यदि इसराना में दमकल का टेंडर होता तो आग को जल्द काबू किया जा सकता था।

---

# पानीपत बनेगा ग्रीन एनर्जी हबः डॉ. दहिया

- 220 केवी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट में पानीपत प्रशासन करेगा हर संभव सहयोग, नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मिलेगा बल, जींद–पानीपत रेलवे लाइन पर प्रशासन का फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जाना प्रस्तावित है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जींद से पानीपत तक प्रस्तावित 220 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में कंपनी के अधिकारियों से बैठक की और सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. दहिया ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा देना है। पानीपत ग्रीन एनर्जी हब बनेगा। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि परियोजना के तहत सामग्री आपूर्ति और अन्य सभी चरण निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से भूमि अधिग्रहण पर्यावरण स्वीकृति और सुरक्षा मानकों के पालन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन इलेक्ट्रोलाइजर प्लांट को नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति करेगी, जिससे सालाना लगभग 10,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन संभव होगा। इससे रिफाइनरी में उपयोग होने वाले जीवाश्म ईंधन आधारित ग्रे हाइड्रोजन का स्थान लिया जाएगा और कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आएगी। यह परियोजना का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन करना है। डॉ. दहिया ने कहा कि यह प्रोजेक्ट न केवल पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाएगा, बल्कि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा और हरियाणा को ग्रीन एनर्जी हब के रूप में स्थापित करेगा। इस मौके पर डीआरओ कनव लाकड़ा, डीडीपीओ राजेश शर्मा के अलावा कई अन्य अधिकारी और कंपनियों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पानीपत में बाल विवाह नहीं होने देगा प्रशासन

**पानीपत।** 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इस दिन परंपरागत रूप से बड़ी संख्या में शादियां होती हैं, जिनमें कई मामलों में बाल विवाह भी शामिल होते हैं। इसे रोकने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इधर, जिला सचिवालय में शुक्रवार को आयोजित बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने निर्देश दिए कि बाल विवाह को रोकने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। यह केवल कानूनी नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है कि इस कुप्रथा को जड़ से खत्म किया जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि सभी थानों में बाल विवाह की सूचना मिलते ही तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त बढ़ाई जाए।

### नारी सशक्तिकरण के प्रहरी थे फुले



**पानीपत।** सीआर हाई स्कूल, शोदापुर में शुक्रवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने महात्मा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इधर, प्रधानाचार्य बीसी सैनी ने अपने संबोधन में महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और उनके महान कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि महात्मा फुले ने 19वीं शताब्दी में सती प्रथा, बाल विवाह, छुआछूत, दलितों एवं महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने समाज में समानता और शिक्षा के महत्व को स्थापित करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। महात्मा फुले ने देश का पहला बालिका विद्यालय खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाया, जिससे महिलाओं को शिक्षा का अधिकार मिला और समाज में जागरूकता का प्रसार हुआ। उनका जीवन आज भी हमें सामाजिक न्याय और समानता के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मदन लाल, अमन, रजनी, पूनम, सीमा, नसीमा, ऊषा, पूजा, प्रवीण आदि उपस्थित रहे।

---

### सेक्टर 11-12 में ढाई करोड़ के बजट से होगी नालों की सफाई

# विधायक विज ने विकास कार्यों को जांचा



**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज, विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने शुक्रवार को हुडा सेक्टर 11-12 में विकास कार्यों के साथ सफाई व्यवस्था जांचा। वहीं, विधायक विज ने सेक्टर निवासियों के साथ संवाद किया कर उनकी समस्याओं को जाना। इधर, विधायक विज ने सेक्टर में चल रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक को कई जगहों पर कमियां मिली जिस पर विधायक प्रमोद विज ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। इधर, विधायक विज ने बताया कि सेक्टर में नालों की सफाई प्राथमिकता से करवाई जाएगी। सफाई के लिए ढाई करोड़ का बजट तय किया है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, तरसेम गर्ग, अरुण पसरीचा, पार्षद अमित नारंग, कमल अरोड़ा, नवल जिंदल, सन्नी सेठी, नगर निगम एक्सइएन गोपाल कलावत, जेई सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अनुशासित मेहनत करने से मिलती है सफलताः डॉ. आलोक

- होटल प्रबंधन संस्थान के वार्षिक उत्सव का धूमधाम से आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** होटल प्रबंधन संस्थान के वार्षिक उत्सव में शिरकत करते टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

होटल प्रबंधन संस्थान, पानीपत में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विषय 'परंपरा' रहा ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आलोक असवाल ने दीप प्रज्ज्वलन व गणेश वंदना के साथ किया। कार्यक्रम के शुरुआत में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जिनमें समूह नृत्य, हरयानवी नृत्य और पंजाबी नृत्य आदि की रंगारंग प्रस्तुति की गई। प्राचार्य डॉ. असवाल ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के मूल मंत्र बताते हुए कहा कि अनुशासित मेहनत के बल पर ही इंसान को सफलता मिलती है। इधर, कार्यक्रम में बीएससी तृतीय वर्ष में से मिस्टर फेरवेल श्री सूर्यांश और मिस फेरवेल सुश्री स्वाति, फूड प्रॉडक्शन में से मिस्टर फेरवेल श्री पारस और मिस फेरवेल सुश्री विधि और फूड एंड बेवरेज सर्विस में से मिस फेरवेल सुश्री तमन्ना को चुना गया। इस अवसर पर कैच कंपनी से विवेक व आईएचएम पानीपत से चन्दन वशिष्ठ, नौबल कौशिक, नीलम रानी, सुदेश कुमारी, अनिल कुमार, अब्दुला आदि उपस्थित रहे।

---

### होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति हर रोग में कारगरः शर्मा




**पानीपत।** आयुष विभाग पानीपत की ओर से वार्ड 22 के शिव मंदिर परिसर में विश्व होम्योपैथिक दिवस पर निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि पार्षद रॉकी गहलोत रहे। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य, खटीक बस्ती की संस्था के प्रधान हुक्म चंद व कोषाध्यक्ष जय किशन मोगा व मंगत राम राणा विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि को डॉ.सुदेश पाल ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष विभाग महीपाल बंसल ने शॉल उड़ाकर उनका सम्मान किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा.राजकपूर ने सभी का आभार जताया। वहीं पार्षद रॉकी गहलोत व ओमदत्त शर्मा ने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से हर रोग का उपचार संभव है। इस अवसर पर होम्योपैथिक डा.प्राची, डा.सुदेश पाल, डा.मिकी, होम्योपैथिक फार्मासिस्ट जसवीर, सुमन, मीनाक्षी व पूजा आदि मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने संबंधी विभागाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

# थर्मल के प्रदूषण से पीड़ित खुखराना गांव की सेफ्टिंग तेज की

- ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने मकानों का निर्माण कार्य शुरू कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** प्रदूषण पीड़ित गांव खुखराना की शिफ्टिंग को लेकर बैठक करते प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत थर्मल पावर स्टेशन के पास स्थित गांव खुखराना की शिफ्टिंग को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय और गंभीर नजर आ रहा है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शुक्रवार को इस संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक जिला सचिवालय सभागार में आयोजित कर स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं डीसी डॉ दहिया ने कहा कि खुखराना गांव में सेफ्टिंग की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने मकानों का निर्माण कार्य शुरू करें, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके। प्रशासन की ओर से रविवार को गांव में निशानदेही करवाई जाएगी, जिससे प्रत्येक परिवार को अपनी जमीन की स्पष्ट जानकारी मिल सके। इसके लिए 10 पटवारी व पांच कानूनगो की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, गांव में सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर और सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएगी।

---

### सांग महोत्सव के दूसरे दिन समीना दिनोद एंड पार्टी ने राजा हरिश्चंद्र सांग का मंचन किया

# हरियाणवी संस्कृति का मूल आधार है सांगः डॉ. सैनी




**पानीपत।** एसडी कॉलेज में चल रहे सांग महोत्सव में अतिथियों को सम्मानित करते हुए मेजबान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणवीं लोक कला एवं संस्कृति के उत्थान को समर्पित हरियाणा प्रदेश की अग्रणी संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के संयुक्त तत्वाधान में एसडी कॉलेज में चार दिवसीय सांग महोत्सव के दूसरे दिन के हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक एवं नायब सिंह व डॉ.आरपी सैनी कुलपति चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने मुख्य अतिथि रहे।

डॉ.आरपी सैनी ने कहा कि सांग परंपरा है हरियाणवी संस्कृति का मूल आधार है। दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट इसे जीवत रखने के लिए तथा हरियाणवीं संस्कृति को विश्व स्तर पर एक विशेष पहचान दिलाने का काम कर रही है।

#### अतिथियों का स्वागत किया

संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि आज समीना दिनोद एंड पार्टी ने राजा हरिश्चंद्र सांग का मंचन किया। वहीं, सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद के पुत्र विष्णु दत्त की सांग का मंचन करेंगे। कार्यक्रम में संस्था की महिला संयोजिका सीमा हरियाणवीं भाजपा महिला नेता बेला भाटिया, एसडी कॉलेज के प्रधान दिनेश गोयल, नैना शर्मा चेला मंहत, रामनिवास शर्मा गुरुग्राम, अजीत अहलावत, प्रियंका अहलावत, नवीन मलिक हरियाणवीं संगठन ऑस्ट्रेलिया, धर्मवीर पाढा, नीरजा सिंगला ने विशिष्ट अतिथि रहे। स्वागत कमेटी ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन गिरीश मानव ने किया। इस अवसर पर पवन धीमान, दिनेश जून, मोहित शर्मा, सुरेश शर्मा, रामलाल भाटिया, उमेद पांचाल, कंवरभान व पंडित धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

---

## न्यूज डायरी

### दुष्यंत ने विकास कार्य जांचे

**पानीपत।** भाजपा के जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने शुक्रवार को ताऊ देवीलाल पार्क में करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है सौंदर्यीकरण को जांचा। वहीं उन्होंने ठेकेदार से गुणवत्ता वाले विकास कार्य कराने के लिए कहा है। मरणीय है कि पार्क के सौंदर्यकरण में घटिया सामग्री का प्रयोग होने की शिकायत दुष्यंत को मिल रही थी।

### विद्यार्थियों को नशे के विरुद जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत की वधावा राम कॉलोनी स्थित अमर ज्योति पब्लिक स्कूल, रवि हाई स्कूल और जनता मॉडर्न स्कूलों में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के बोध प्रकल्प के अंतर्गत नशे के दुष्परिणामों को बताने के लिए कार्यक्रम किया गया। जिसमें संस्थान की साध्वी बहने साध्वी रितु भारती और रुपिंदर भारती ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया।

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया

**पानीपत।** चौधरी देवी लाल मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्रोफेसर रितु ढुल व प्रोफेसर अनु ने छात्राओं के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। वहीं, छात्रा अंशु अमृता बताया कि उन्हें शोध कार्यों, इतिहास के विभिन्न दृष्टिकोणों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में सीखने का अवसर मिला। इधर, प्राचार्या डॉ. सुमनलता ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं।

### लघु उद्योग भारती की बैठक आज

**पानीपत।** लघु उद्योग भारती हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी की बैठक एसडी पीजी कालेज में शनिवार को होगी। जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। लघु उद्योग भारती हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष सुभादेश मित्तल, महासचिव मनोज रोंगटा, कोषाध्यक्ष रमन सलूजा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अरुण बजाज समेत भिन्न-भिन्न जिलों के पदाधिकारी बैठक में शामिल होंगे। यह जानकारी लघु उद्योग भारती जिलाध्यक्ष कपिल गुप्ता ने दी।

### स्काउट्स एंड गाइड्स की नशा मुक्त रैली पानीपत पहुंची



**पानीपत।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में निकाली जा रही नशा मुक्त जागरूकता रैली शुक्रवार को पानीपत पहुंची और प्रदेश स्तरीय जन जागरूता टीम ने पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस को मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा हस्ताक्षरित संदेश पत्र सौंपा। वहीं, एसपी सिंह ने ग्रुप लीडर सागर सजन सिंह, ग्रुप कॉर्डिनेटर लक्ष्मण कुमार, नोडल अधिकारी अमित कुमार समेत पूरी टीम का टीम की हौंसला अफजाई की। दूसरी ओर, एसपी सिंह ने कहा कि नशा समाज और परिवार के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। नशा न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाता है बल्कि परिवार की शांति और खुशहाली को भी नष्ट कर देता है। इसके मद्देनजर हर तरह के नशे से दूर रहे।

